


नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 28 अप्रैल, 2026


# गौ माता की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

- गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ भक्तों और आम लोगों ने प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन,
- विशाल रैली भी निकाली







**घट्टिया।** सम्पूर्ण भारत में अखिल वेदलक्षणा गोमाता (सम्पूर्ण देशी गोवंश) की विधिवत सेवा, पूर्ण सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करने हेतु केंद्रीय कानून बनाने और गौ पालन मंत्रालय स्थापना की मांग को लेकर सोमवार को क्षेत्र के गौ भक्तों एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन एसडीएम कार्यालय पर अनुविभागीय अधिकारी राजाराम करजरे को दिया।

गौ सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत सैकड़ों सनातनी गौ भक्तों, कार्यकर्ताओं, जागरूक नागरिकों ने बस स्टैंड चौराहा से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्तमानमें भारतीय गोवंश की स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है। तस्करी, वध (हत्या) और सड़कों पर उनकी दुर्दशा अत्यंत पीड़ादायक है जिसको लेकर सम्पूर्ण राष्ट्र में गोवंश के सम्मान, सुरक्षा और सेवा की पूर्ण व्यवस्था की जाए। साथ ही मांग की गई कि केंद्रीय गौ सेवा एवं संरक्षण अधिनियम लागू किया जाए। समस्त गो वधशालाओं (कसाईखाने) के लाइसेंस निरस्त हो और वधशालाओं (कसाईखाने) पर शीघ्र अति कठोर कार्रवाई के लिए केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय की स्थापना की जाए। देशी गोवंश को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आराध्या के रूप में आधिकारिक संवैधानिक मान्यता प्रदानकर उसे विशेष राष्ट्रीय संरक्षण दिया जाए। गौ तस्करी रोकने, गोबर गौमूत्र अनुसंधान को बढ़ावा देने, राजमार्गों पर गौ वाहिनी एम्बुलेंस की व्यवस्था सहित गौ सुरक्षा हेतु विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने में लाला पटेल रुई, लखन आंजना, बृजमोहन जैन, बंटी गहलोत, कृष्णा ठाकुर रलायता, मोहित बना, राजपाल सिंह रलायता, राजू बना प्रतापनगर, गोलु बना, नितिन पंवार, शंकर सिंह रालायती, दिनेश प्रजापत रुदहेड़ा सहित गौभक्त उपस्थित थे। उक्त जानकारी कमलेश गहलोत ने दी।

# ग्राम तरनोद में धर्मशाला बनाने में सहयोग देने पर गौतम का सम्मान



**महिदपुर। समीपस्थ गांव तरनोद में सामाजिक एकता और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए समाजसेवी विजय सिंह गौतम ने धर्मशाला निर्माण के लिए गांव की समिति को 22 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस सराहनीय योगदान से ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया।**

इस अवसर पर समिति द्वारा विजय सिंह गौतम का स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर विजय सिंह गौतम ने बताया कि धर्मशाला केवल एक भवन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे मिल-जुलकर इस निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करें और इसे गांव के हर वर्ग के लिए उपयोगी बनाएं। गांव की समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया और इसे गांव के विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से न केवल आधारभूत सुविधाएं मजबूत होती हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। विजय सिंह गौतम ने पूरे गांव को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही गांव का समग्र विकास संभव है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि तरनोद गांव भविष्य में सामाजिक उत्थान और सहयोग का एक आदर्श उदाहरण बनेगा।

## एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ पंचकुंडीय यज्ञ-प्राणप्रतिष्ठा



**घट्टिया।** अति प्राचीन लवखेड़ी हनुमान मंदिर प्रांगण में महंत सियारामदास त्यागी के सानिध्य में पंचकुंडीय यज्ञ व श्री पशुपतिनाथ शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। आकर्षक झांकियों के साथ कलश यात्रा सोमवार सुबह लवखेड़ी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां पंचकुंडीय यज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हुआ। आकर्षक झांकियों के साथ नगर में निकली कलश यात्रा से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा पर स्वागत किया गया। पूर्णाहुति व भंडारा 1 मई शुक्रवार को होगा।

### मन जायसवाल का मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन



**घट्टिया।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में सत्र 2025-26 में कक्षा 12वीं के छात्र मन जायसवाल का केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर मानक अवार्ड हेतु चयन हुआ है। उक्त अवार्ड अंतर्गत छात्र मन को 10 हज़ार रुपये की राशि विज्ञान प्रोजेक्ट, मॉडल बनाने हेतु प्रदान की जाएगी। उक्त विज्ञान प्रोजेक्ट, मॉडल का प्रदर्शन छात्र आगामी जिलास्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर करेंगे। छात्र मन जायसवाल कि इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य किरण महस्के, उपप्राचार्य शशि कुमार चौधरी एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### ई-रिक्शा फैक्ट्री में आग लगी, बड़ा हादसा टला



**इंदौर.** लसूड़िया इलाके में रविवार दोपहर ई रिक्शा निर्माण कारखाने में आग लग गई. वहीं एरोड्रम क्षेत्र में भी एक शोरूम के बाहर केबल में आग भड़क उठी. दोनों घटनाओं में दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया. लसूड़िया क्षेत्र में ऑटो शोरूम के पीछे बने कंपाउंड स्थित ई रिक्शा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में अचानक आग भड़क गई. देखते ही देखते धुआं दूर तक फैल गया, जिससे आसपास अफरा तफरी मच गई. मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक टैंकर पानी की मदद से आग पर काबू पाया. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. आग फैक्ट्री के अंदर तक फैल गई थी, हालांकि समय रहते काबू पा लेने से बड़ा नुकसान टल गया. इसी दौरान एरोड्रम क्षेत्र के 60 फीट रोड स्थित एक शोरूम के बाहर लगे केबल में भी आग लग गई. चिंगारी से शुरू हुई आग कुछ ही देर में अंदर तक पहुंच गई. आसपास मौजूद लोगों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया, बाद में दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पाया. दोनों ही घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई है. फायर ब्रिगेड ने एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र की जांच भी की है.

### एसवीआईएमएस में 15 दिवसीय रिसर्च वर्कशॉप

**इंदौर.** श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस (एसवीआईएमएस) में एमबीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 15 दिवसीय 4 रिसर्च पेपर डेवलपमेंट वर्कशॉप का सफल समापन हुआ. कार्यशाला में 68 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए 14 शोध पत्र तैयार किए. समापन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. विवेक शर्मा (आईएमएस-डीएवीवी) ने शोध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सही विषय का चयन और निरंतर मेहनत ही सफल शोध की कुंजी है. उन्होंने विद्यार्थियों को निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाने की सीख दी. कार्यक्रम में उत्कृष्ट तीन शोध पत्रों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया. निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कार्यशाला की सराहना की. समन्वयक डॉ. सपना परिहार ने रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि संचालन डॉ. नीतिका असावा ने किया. आभार सुश्री कृति बंसल ने माना. इस दौरान डॉ. मंदीप गिल सहित प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### खंडेलवाल भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक मनोनीत

**इंदौर.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक के लिए धीरज खंडेलवाल के नाम की घोषणा की. उनकी घोषणा के पश्चात व्यापारी जगत में काफी उत्साह का माहौल देखा गया. आज धीरज खंडेलवाल ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया. खंडेलवाल ने आज पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, मेयर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला एवं पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता आदि से मुलाकात की. सभी ने उनकी इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी एवं कहा कि सरकार की योजनाओं को आम व्यापारी तक पहुंचाना आपका कार्य है. इस अवसर पर श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि हमें जो उत्तरदायित्व मिला है उसका पूर्ण रूप से क्रियान्वयन होना चाहिए. कोई दायित्व जो हमें दिया गया है तो हमें पूरी ताकत के साथ न्याय करना चाहिए. इस पर खंडेलवाल ने उन्हें आश्वासन दिया कि कामकाज में आपके निर्देशों का पालन करेंगे.

# महिदपुर में भी बैनर-पोस्टर लेकर गौभक्तों ने निकाली रैली



**महिदपुर। गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत महिदपुर नगर में गौ माता के सम्मान और संरक्षण को लेकर एक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में गौ भक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जागरूक नागरिकों ने भाग लेकर अपनी भावनाएं प्रकट कीं और गौ संरक्षण के समर्थन में जोरदार आवाज उठाई।**

शुरुआत नगर के प्रमुख स्थल विजय स्तंभ से हुई। जहां से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल नागरिक हाथों में बैनर, तख्तियां और नारों के माध्यम से गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। रैली विजय स्तंभ से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में गौ वंश की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है, इसलिए सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार संतुष्टि पाल को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने, गौ हत्या पर सख्त प्रतिबंध लगाने, गौशालाओं के बेहतर संचालन एवं गौ वंश के संरक्षण के लिए विशेष योजनाएं लागू करने की मांग की गई। तहसीलदार संतुष्टि पाल ने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर इस विषय पर जो भी उचित कार्रवाई होगी, उसे अमल में लाया जाएगा। इस आयोजन में नगर के कई सामाजिक संगठनों, युवाओं और महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ, जिससे प्रशासन और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय का संदेश भी सामने आया।



# गौभक्तों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**खाचरौद।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत गौ हत्या पूर्ण प्रतिबंधित करने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांगो को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार प्रकाश परिहार को प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर रामस्नेही संत रामानुराग महाराज, गौ सम्मान अभियान के नगर संयोजक प्रवीण नायक, अश्विन डिंडोरकर, संजय मेहता, राहुल गुल्या, निशित सिसोदिया, राजाराम सेकवाडिया, संतोष शर्मा, प्रशांत सुराणा, कालू राठौर, आजेश सोलंकी, ज्ञानचन्द्र कुमावत, अखिलेश शर्मा, नितेश संगीत्रा, गोकुल सिंह, सौरभ जैन, सुभाष भटेवरा, नारायण गगरानी बंटी जायसवाल, पंकज माली, समरथ सेन, रितेश सेठिया, जगदीश धाकड़, केशव राठौर, जवाहर वनवट, बबलू कपूर , पंकज असावा, आलोक जैन सहित बड़ी संख्या में गौ भक्तों, समाज सेवियों, किसान, मजदूर आदि अनेक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



# नागर ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में नौ जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

- विधायक ने की जोड़ों को टीवी देने की घोषणा

**उज्जैन। उज्जैन नागर ब्राह्मण समाज ने हाटकेश्वर धाम ट्रस्ट, जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता के विशेष सहयोग और नागर ब्राह्मण परिषद, नागर महिला मंडल, नागर युवक मंडल उज्जैन एवं दोनों न्यास के तत्वावधान में समाज हित के आदर्श रचनात्मक आयोजन के तहत 26 अप्रैल को नौ जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न करवाया।**

विजय शर्मा, संजय जोशी, नेहा प्रतिमा मेहता, सीमा नागर, अमित नागर एवं मनीष मेहता ने बताया कि समाजहित के उक्त रचनात्मक आयोजन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग चार हजार स्वजातीय बंधुओं ने उपस्थित दर्ज कराई। विवाह पं. कैलाश शुक्ल एवं पं. संतोष नागर ने विधि विधान के साथ संपूर्ण रस्में पूर्ण कराई। आयोजन में विशेष रूप से श्री हाटकेश्वर धाम हरसिद्धि ट्रस्ट की ओर से 1 लाख 51 हजार एवं जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता एवं आभा मेहता ने 1 लाख रुपए एवं डॉ. राहुल जीडी नागर ने एक निर्धन कन्या की संपूर्ण सहयोग राशि रु 25 हजार की सहयोग राशि प्रदान एवं पं. विजयप्रकाश मेहता ने संपूर्ण बर्तन सेट दिए। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने अपने उद्बोधन में जोड़ों को एक-एक टीवी प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में लगभग चार हजार स्वजातीय बंधुओं ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया। संचालन समन्वय प्रमुख लव मेहता ने किया एवं आभार आयोजन प्रमुख मनीष मेहता ने माना।

# पक्षियों के पानी के लिए मिट्टी के सकोरे बांटे



**उज्जैन।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर रवि सोलंकी की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ 2028 उनकी प्राथमिकता में प्रमुख रहेगा और शहर के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

नियुक्ति के उपलक्ष्य में सीहोर से आए समाजसेवी मनोज शर्मा के नेतृत्व में रवि सोलंकी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें पक्षियों और अन्य जीवों के लिए मिट्टी के कुंडे भेंट किए गए, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें पानी उपलब्ध कराया जा सके। समाजसेवी मनोज शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक समाजसेवी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना सराहनीय कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रवि सोलंकी के नेतृत्व में उज्जैन में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। साथ ही उन्होंने समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर ही उनका स्वागत किया गया है और आगे भी सभी मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीहोर की संस्था द्वारा पक्षियों और जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था करने की पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आमजन से अपील की कि गर्मी के समय अपने घरों के बाहर और पार्कों में मिट्टी के कुंडे रखें, ताकि प्यासे जीवों को पानी मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार पानी के अभाव में जानवरों की मृत्यु हो जाती है, इसलिए इस दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके विभाग में भी इस प्रकार की पहल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं वरिष्ठ पसमांदा मुस्लिम महासंघ प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान, किशन लाल मानव, आमिर हुसैन, मनोज तिवारी, शंकर लाल शर्मा, अमन वर्मा, निशांत वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य उद्देश्य उज्जैन विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि सोलंकी की नियुक्ति, उनके विकास संबंधी दृष्टिकोण तथा समाज में जल संरक्षण एवं जीवों के प्रति संवेदनशीलता जैसे संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना था।

**एक नजर** सम्राट विक्रमादित्य विवि और लायंस क्लब की कार्यशाला में पर्यावरणविद् ने साझा किए अनुभव, प्लास्टिक मुक्त आचरण पर दिया जोर

# स्वस्थ पर्यावरण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : डॉ . पलटा




**उज्जैन।** स्वस्थ पर्यावरण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह बात प्रख्यात पर्यावरणविद् और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. जनक पलटा ने कही। वे लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के श्री वल्लभ आनंद क्लब और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय पर्यावरणीय जागरूकता कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। यह आयोजन पर्यावरण सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर किया गया।

**40 वर्षों से पर्यावरण और समाज सेवा को समर्पित:** डॉ. पलटा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। बचपन में एक लंबी बीमारी के बाद उन्होंने अपना जीवन परोपकार के लिए समर्पित कर दिया। विगत 15 वर्षों से वे शून्य-अपशिष्ट जीवन शैली अपना रही हैं।

**माइक्रोप्लास्टिक से कैंसर का खतरा:** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रसिद्ध चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सलूजा ने कहा कि माइक्रोवेव में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के सूक्ष्म कण शरीर में प्रवेश कर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग पर पुनर्विचार करने का आव्हान किया। वहीं राज्य आनंद संस्थान के जिला संयोजक डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह हमारे आचरण में भी दिखना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण ही आनंदमय जीवन का आधार है।

**गीत और लघु नाटिका से दिया संदेश:** कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत लायंस क्लब की सीईओ एवं श्री वल्लभ आनंद क्लब की संस्थापक मधु गुप्ता ने किया। शुरुआत में सेवानिवृत्त डीएसपी सुभाष दुबे ने पर्यावरण पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सिटी किंडरगार्टन स्कूल के स्टाफ द्वारा लघु नाटिका का प्रभावशाली मंचन किया गया।

### पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित भी

समारोह के अंत में डॉ. जनक पलटा को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वृक्ष मित्र अजय भातखंडे, अमिताभ सुधांशु और केके पवार का भी सम्मान किया गया। संचालन डॉ. ललित नागर ने किया तथा आभार अरुंधति पेंढारकर ने माना। इस अवसर पर सुशील पोरवाल, मुक्तेश त्रिवेदी, डॉ. सुमन जैन, अमृता चतुर्वेदी, रंजना मालवीय, संध्या सक्सेना, उमा शर्मा, प्रीति जोशी और जितेंद्र मालवीय सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण अध्ययनशाला के प्रोफेसर, विद्यार्थी व शहर के विभिन्न लायंस क्लब के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. अनुराग तिवारी, जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की कार्यक्रम अधिकारी व बायोटेक्नोलॉजिस्ट आभा तिवारी और उनके बेटे अद्वै भी उपस्थित थे।